# क्यों रो रहा है खाटू श्याम भजन लिरिक्स

क्यों रो रहा है,
तू क्यूँ रो रहा है,
बन के पिता जब ये बैठा,
तू क्यूँ रो रहा है,
क्यूँ रो रहा है,
तू क्यूँ रो रहा है।bd।

तर्ज – याद आ रही है तेरी याद।

---

देर भले हो जाए,
पर काम तेरा हो जाएगा,
बाबा करने वाले,
पर नाम तेरा हो जाएगा,
किया भरोसा जिसने चैन से,
वो सो रहा है,
क्यूँ रो रहा है,
तू क्यूँ रो रहा है।bd।

---

मत घबराना प्यारे,
चाहे मुश्किल कितनी बड़ी है,
हर मुश्किल से कहना,
मेरे संग में श्याम धणी है,
जो ना हुआ इस दर पे आके,
वो हो रहा है,
क्यूँ रो रहा है,
तू क्यूँ रो रहा है।bd।

---

'श्याम' कह रहा मुझ पर,
जो बीती वो बतला रहा,
इसकी कृपा के चलते,
ही श्याम तराने गा रहा,
दे ना सका जो कोई मुझे,
तू वो दे रहा है,
क्यूँ रो रहा है,
तू क्यूँ रो रहा है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

क्यों रो रहा है,
तू क्यूँ रो रहा है,
बन के पिता जब ये बैठा,
तू क्यूँ रो रहा है,
क्यूँ रो रहा है,
तू क्यूँ रो रहा है।**bd।**

स्वर – रेशमी जी शर्मा।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com